प्रादेशिक समाचार
03.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

**1.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का किया उद्घाटन, कहा– भारत के कृषि क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों से वैश्विक खाद्य सुरक्षा को मिल रही मंजबूती।

**2.** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित विशेष लोक अदालत संपन्न एक हजार से ज्यादा मामलों का हुआ निपटारा।

**3.** पुलिस महानिदेशक ने रांची में कानून और व्यवस्था को लेकर पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक, लापरवाह थानेदारों और पुलिस कर्मियों पर होगी कड़ी कार्रवाई।

**4.** रांची की दीपिका कुमारी पेरिस ओलंपिक की तीरंदाजी व्यक्तिगत स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल के कड़े मुकाबले में दक्षिण कोरिया की एस एच नाम से पराजित, बैडमिंटन के सेमीफाइनल में भारत के लक्ष्य सेन का आज डेनमार्क के खिलाड़ी से होगा मुकाबला।

**5.** रांची, हजारीबाग, रामगढ़ और जमशेदपुर सहित राज्य के अधिकांश हिस्सों में कल भी तेज हवा के साथ भारी बारिश को लेकर मौसम विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अतिरिक्त खाद्यान्न का उत्पादन करने वाला देश है और वह वैश्विक खाद्य सुरक्षा और वैश्विक पोषण सुरक्षा कार्यों में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार सुधारों के साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रही है और इसका उद्देश्य किसानों के जीवन में सुधार लाना है। आज नई दिल्ली में 32वें अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कृषि, सरकार की आर्थिक नीति का केन्द्र है। उन्होंने कहा कि भारत मोटे अनाज, दूध, दाल और मसालों का सबसे बडा उत्पादक देश है।

प्रधानमंत्री ने देश के कृषि क्षेत्र में डिजीटल प्रौद्योगिकी का उपयोग हो रहा है और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत दस करोड किसानों के बैंक खातों में एक क्लिक से पैसे पहुंच जाते हैं।

इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भुखमरी और कुपोषण को पूरी तरह समाप्त करने, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और बढ़ते तापमान के कारण उत्पादन में कमी जैसे गंभीर मुद्दों का समाधान करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

***************

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित विशेष लोक अदालत का आज समापन हो गया. इस लोक अदालत में एक हजार से ज्यादा मामलों का निपटारा किया गया। इस मौके पर मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि आज न्याय सुलभ करने की दिशा में सर्वोच्च न्यायालय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंन यह भी कहा कि आज सर्वोच्च न्यायालय छोटे–छोटे मामलों का निपटारा कर रहा है। इस मौके पर उन्होंने वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्र पर विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने यह भी कहा कि लोक अदालतें ऐसे मंच हैं लजहां, अदालतें में लंबित मामलों का समझौते के आधार पर निपटारा हो रहा है।

***************

राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने पुलिसकर्मियों को चेतावनी देते हुए अपनी कार्यशैली सुधारने को कहा है। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण में लापरवाही बरतने वाले थानेदारों और पुलिस कर्मियों को थाने में नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने आज रांची की विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इससे पहले वे स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की हत्या पर रिम्स, रांची पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी पुलिस पदाधिकारियों से ली। उन्होंने कहा कि इस हत्या में शामिल किसी भी आरोपी को छोड़ा नहीं जाएगा।

उधर रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपी कृष्ण की कल हुई हत्या के विरोध में अधिवक्ताओं ने आज न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया। जिला बार एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार विद्रोही ने कहा कि राज्य भर में अधिवक्ताओं पर हमले के मामले बढ़े हैं। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर असंतोष जताया।

****************

झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार की अध्यक्षता में आज सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी और एफएलसी सुपरवाइजर की कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा ईवीएम और वीवीपैट से जुड़े प्रोटोकॉल की जानकारी दी। इस मौके पर उन्होंने मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की भी समीक्षा की। कार्यशाला में भारत निर्वाचन आयोग के सचिव बीसी पात्रा और कई अधिकारी भी मौजूद थे।

****************

राज्य के सोलह अभियंत्रण संस्थानों में इस सत्र से चार सौ साठ सीटों में बढ़ोत्तरी की गई है। इसमें सबसे ज्यादा बीआईटी सिंदरी में दो सौ अस्सी सीटें बढ़ी हैं। जेसीइसीइबी की ओर से आयोजित होने वाली काउंसिलंग में बढ़ी हुई सीटों के आधार पर विद्यार्थियों का नामांकन होगा। वहीं, इसी संस्थान में कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग इन साइबर सिक्योरिटी की भी पढ़ाई शुरू होगी।

****************

कोडरमा जिले में वाहनों के टैक्स डिफॉल्टरों को राहत देने के लिए राज्य सरकार ने नया आदेश जारी किया है। इसके तहत बकाया टैक्स भुगतान करने पर पचास प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

****************

पेरिस ओलंपिक में रांची की तीरंदाज दीपिका कुमारी को तीरंदाजी के व्यक्तिगत स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल के कड़े मुकाबले में दक्षिण कोरिया की एस एच नाम से हार का सामना करना पड़ा। वहीं बैडमिंटन पुरुष के सेमीफाइनल में आज भारत के लक्ष्य सेन का मुकाबला डेनमार्क के विक्टर एक्सलेशन से रात्रि बारह बजे से खेला जाएगा।

****************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज राजधानी रांची के जल–जमाव वाले इलाकों का दौरा कर हालात की जानकारी ली। उन्होंने कहा भारी बारिश से रांची समेत पूरे राज्य में जनजीवन व्यापक रुप से प्रभावित हो रही है। लेकिन, बारिश से निपटने और राहत देने के लिए राज्य सरकार की कोई तैयारी नहीं है। उन्होंने रांची के रातू क्षेत्र में रांची–पलामू एनएच–पचहत्तर के मुरगू पुल के बहे हुए डायवर्सन का भी निरीक्षण कर एनएचएआई के अधिकारियों को चौबीस घंटे के अंदर ठीक करते हुए, चालू करने का निर्देश दिया।

****************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची, हजारीबाग और रामगढ़ समेत राज्य के कई हिस्सों में आज भी तेज हवा और भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। उधर पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश की वजह से जनजीवन व्यापक रुप से प्रभावित हो रहा है।

********समाप्त********